प्रादेशिक समाचार
दिनांक—31.07.2024 (दोपहर—1455 बजे)

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखंड के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ली। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें रांची के राजभवन में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यामंत्री हेमन्त सोरेन और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

****

बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है और यह देश में अपनी अलग पहचान बना सकता है।

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी आज भाजपा विधायकों ने अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण की मांग को लेकर सदन के बाहर और भीतर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों का कहना है कि सत्ता में आने से पहले सभी अनुबंधकर्मियों को सरकार ने स्थायी करने का वादा किया था लेकिन अब तक सरकार ने वादा पूरा नहीं किया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को उनका वादा याद दिलाया जा रहा है।

****

राज्य के टाटानगर— चक्रधरपुर रेल मंडल पर रेल यातायात बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। हावडा —मुंबई मेल की 18 में से 16 बोगियों को रेलवे ट्रेक से हटाया जा चुका है। सभी बोगियों को मार्ग से हटाने के बाद ही रेल मार्ग की मरम्मत और विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। कल सुबह चक्रधरपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत पोटोबेदा गांव के नजदीक बाड़ाबाम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशन के बीच हावडा— मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण रेल यातायात बाधित है।

****

राज्य की पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने केन्द्रीय बजट को जनहितकारी बताया है। सिमडेगा में आज उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि बजट में किसानों को आगे बढ़ाने, महिलाओं के सशक्तीकरण और युवाओं को रोजगार देने पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को आत्मनिर्भर बनाने का जो लक्ष्य तय किया गया है, उस दिशा में यह बजट कारगर साबित होगा।

****

राज्य के ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार आज झारखंड उच्च न्यायालय में सशरीर उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत को बताया कि किस नियम के तहत रिटायर्ड अधिकारियों की सेवा विभाग में ली जाती है। वहीं राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब भी दाखिल किया गया। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी में ऊर्जा सचिव को सशरीर पेशी से मुक्त करते हुए प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

****

जमीन अधिग्रहण समेत अन्य मुद्दों को लेकर आदिवासी संगठनों द्वारा आज बुलाये गये कोल्हान बंद का सरायकेला—खरसांवा जिले में असर देखा जा रहा है। सुबह से ही आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता पारंपरिक हथियारों के साथ सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ा है।

****

देवघर से जलाभिषेक कर रांची लौट रहे कांवरियों से भरी बस आज गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र नीमाटांड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई कांवरियों को चोटें आयी हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद ग्रामीणों के साथ स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया है।

****

दुमका के प्लस 2 नेशनल स्कूल परिसर स्थित आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास में आज उस वक्त गैस सिलेंडर में आग लग गई, जब छात्रावास के एक कमरे में विद्यार्थी खाना बना रहे थे। कमरे में रह रहे छात्रों के शोर करने पर आसपास के कमरे से अन्य छात्र उस कमर में पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

****

राजधानी रांची और पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश हो रही है। पलामू जिले में तो कल रात से ही रुक—रुक कर वर्षा होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में अगले तीन दिनों तक राज्य के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।